थाना कोतवाली पुलिस टीम ने 02 नफर वारण्टी/वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दिनांक 26.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी के अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के पर्यवेक्षण/नेतृत्व में, प्रभारी निरीक्षक श्री अनूप कुमार दुबे थाना कोतवाली नगर महोबा मय हमराह कां0 रोहित साहू , कां0 आकाश सिंह चौहान , कां0 मुकेश सिंह के द्वारा देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम व शान्ति व्यवस्था, तलाश वारण्टी/वाँछित अभियुक्त के दौरान अभियुक्तगण 1. फहीम खां पुत्र मुन्ना खां नि0- समदनगर थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा सम्बन्धित केश संख्या 3810/13 धारा 147/323 भा0द0वि0 सम्बन्धित को ग्राम शाहपहाड़ी के पास महोबा से 2- मुकेश पुत्र लखनलाल तिवारी नि0- ग्राम शाहपहाड़ी थाना कोतवाली महोबा सम्बन्धित केश सं0- 2444/20 धारा 25 ए एक्ट सम्बन्धित अब्बाहुजूर दरगाह के पास महोबा से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अभियुक्त का नाम व पता-

1. फहीम खां पुत्र मुन्ना खां नि0- समदनगर थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा

2- मुकेश पुत्र लखनलाल तिवारी नि0- ग्राम शाहपहाड़ी थाना कोतवाली महोबा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. SHO श्री अनूप कुमार दुबे थाना कोतवाली जनपद महोबा
2. कां0 रोहित साहू
3. कां0 आकाश सिंह चौहान
4. कां0 मुकेश सिंह

थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के क्रम में वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी के अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में **SHO** कोतवाली महोबा अनूप कुमार दुबे द्वारा गठित पुलिस जिसमें चौकी प्रभारी बजरिया मय हमराहियों के द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त रज्जन पुत्र मन्ना कुचबधिया, सम्बन्धित केस नं0 833/2007 धारा 9/29/51 वन्य जीव अधिनियम थाना कोतवाली महोबा अप0सं0 892/05 माननीय न्यायालय सीजेएम महोबा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त को मुहल्ला आलमपुरा महोबा से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त का विवरण..।

रज्जन पुत्र मन्ना कुचबधिया निवासी मुहल्ला आलमपुरा थाना कोतवाली जनपद महोबा सम्बन्धित केस नं0 833/2007 धारा 9/29/51 वन्य जीव अधिनियम थाना कोतवाली महोबा अप0सं0 892/05।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम...।

1. उ0नि0 पुरूषोत्तम विश्वकर्मा प्रभारी चौकी बजरिया थाना कोतवाली जनपद महोबा
2. कां0 रंजीत सिंह 3. कां0 राहुल।

"मिशन शक्ति" अभियान के तहत स्कूली छात्राओं को सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया जागरुक...।

उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक किये जाने हेतु चलाये जा रहे महाभियान *मिशनशक्ति* के तहत आज दिनाँक 27.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **"मिशन शक्ति" महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम के साथ बुन्देलखण्ड नवोदय महाविद्यालय, श्रीनगर-महोबा में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तहत आयोजित मिशनशक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित कालेज की छात्राओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के** प्रति जागरुक किया गया तथा उन्हे हेल्पलाइन नम्बरों- वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, आपातकाल सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108 एवं सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी गई। साथ ही टीम द्वारा उपस्थित सभी को मिशन शक्ति जागरुकता हेतु पम्पलेट्स भी वितरित किये गये।

साथ ही टीम द्वारा मौजूद छात्रों को लड़कियों पर छीटाकशी/छेड़खानी करने व महिला सम्बन्धी अपराध करने से बचने की सलाह दी गई। उन्हे बताया गया कि कानून सभी के लिए बराबर है। बाल अपराध के खिलाफ भी कार्यवाही होगी। किसी भी विद्यार्थी को कोई परेशानी होने पर तुरन्त चाइन्ड केयर नं0 1098 पर फोन कर सकते हैं।

थाना कबरई पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के क्रम में वांछित/वारण्टी अपराधियो की गिरफ्तारी के अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 27.02.2021 को **SHO** कबरई दीपक कुमार पाण्डेय द्वारा गठित टीम जिसमें उ0नि0 राहुल कुमार पाण्डये व कां0 दीपेश कुमार द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 54/21 धारा 498ए/323/326/504 भादवि व ¾ दहेज अधि0 में वांछित अभि0 अजय सिंह पुत्र अर्जुन सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मैना मौजपुर थाना खुर्जानगर जनपद बुलन्दशहर को ग्राम बम्हौरी काजी थाना कबरई जिला महोबा से गिरफ्तार करते हुये विधिक कार्यवाही कर मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उराहुल कुमार पाण्डेय 0नि0
2. कां दीपेश कुमार 0

गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण-

अजय सिंह पुत्र अर्जुन सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मैना मौजपुर थाना खुर्जानगर जनपद बुलन्दशहर।

प्रभारी यातायात द्वारा बिना नम्बर सड़को पर दौड़ रहे ट्रैक्टरों को रोककर लिखवाये गये नन्बर

जनपदीय पुलिस द्वारा किया गया पैदल गस्त

आज दिनाँक 27.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात उ0नि0 अरविन्द कुमार मिश्रा मय टीम द्वारा बिना नंबर प्लेट लगाये सड़को पर चल रहे ट्रैक्टरो को रोककर टीम द्वारा पेन्टर से नंबर लिखवाये गये एवं उन्हे भविष्य में बिना नं0 के कोई भी वाहन न चलाने की हिदायत दी गई। साथ ही सभी वाहन चालको से नियमानुसार नंबर प्लेट लगवाने की अपील की गई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर **36 ई-चालान** किये गये।

जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पैदल गस्त करके संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग की गई। साथ ही ढाबा/होटल/शराब की दुकान आदि जगहों पर अराजक तत्वों की चेकिंग व पूछताछ की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना चरखारी के "महिला हेल्प डेक्स" का किया गया निरीक्षण

आज दिनाँक 27.02.2021 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम द्वारा थाना चरखारी पहुँचकर "मिशन शक्ति" के तहत स्थापित "महिला हेल्प डेक्स" का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आगन्तुक रजिस्टर को चेक करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रजिस्टर में लिखे आवेदिका के नं0 पर फोन करके समस्या के बारे में पूछा गया एवं निस्तारण सम्बन्धी फीड-बैक लिया गया। ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षी को निर्देशित किया गया कि आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को सुने व सम्बन्धित को प्रा0पत्र देकर शीघ्र निस्तारण कराते हुए आवेदनकर्ता का फीड-बैक लिया जाए।

इसके साथ ही आगामी पंचायत-चुनाव के मद्देनजर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये एवं थाना कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर की साफ-सफाई एवं थाना क्षेत्र में प्रभावी गस्त/पिकेट करने व अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

गुड मॉर्निंग महोबा
महोबा पुलिस
महोबा पुलिस द्वारा `गुड मॉर्निंग महोबा` अभियान के तहत पुलिस/नागरिकों के बीच "पुलिस मित्र" के रुप में बेहतर सम्बन्ध स्थापित करने की अनोखी पहल है। गुड मार्निंग टीमें क्षेत्र में भ्रमण के दौरान छात्र/छात्राओं से मार्निंग वाक के दौरान उनकी पढ़ाई/परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में भी वार्ता की गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही महिलाओं को सुरक्षा का अहसास कराया गया।
सोशल मीडिया सेल
दिनांक 27.02.2021